## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्ट्रांग रूम की सुरक्षा ऐसी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता

**सुरक्षा में सेंध लगाकर कोई भी नहीं पहुंच सकता स्ट्रांगरूम तक**

जगदलपुर (आरएनएस)। 12 नवंबर को हुए मतदान के बाद प्रत्याशियों का भाग्य ईव्हीएम मशीन और वीवीपेट में बंद हो गया है और उनका भाग्य आगामी 11 दिसंबर को ही खुलेगा। मतदान होने के बाद इन मशीनों को ऐसी सुरक्षा में रखा गया है, कि जहां तक कोई भी सेंध लगाकर नहीं पहुंच सकता और प्रत्याशियों के बंद भाग्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

### भाजपा के अगले कार्यकाल में छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से होगा मुक्त : योगी आदित्यनाथ

बिलासपुर (आरएनएस)। बीजेपी के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बिलासपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा है कि बीजेपी के अगले कार्यकाल में छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने आज पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा दुनियाभर के चुनाव विशेषज्ञ के सर्वे में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी यह रिपोर्ट आ रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का 65 प्लस का लक्ष्य पूरा होता साफ नजर आ रहा है।

### दो दिन के लिए बंद रहेंगी शराब दुकानें

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में द्वितीय चरण के मतदान के ठीक पूर्व जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आज शाम 5 बजे से जिले की समस्त शराब दुकानें, बार रेस्टोरेंट, बार क्लब, शराब गोदाम आदि सील कर दी जाएगी। शराब दुकानें ब सीधे मतदान समाप्ति के बाद ही खुलेंगी।

### देवउठनी आज, गहरी निद्रा से जागेंगे भगवान विष्णु

महासमुंद (आरएनएस)। चार महीने शुभ कार्यों का गणेश करने के लिए इंतजार कर रहे लोगों की प्रतीक्षा अब खत्म होने जा रही है। कल देवउठनी एकादशी को श्रीहरि विष्णुजी अपनी गहरी निद्रा से जागेंगे। जिसके बाद शुभ कार्यों का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। देवउठनी एकादशी से विवाह के साथ साथ गृह प्रवेश, दुकानों का उद्घाटन तथा बच्चों के मुंडन आदि समेत सभी शुभ कार्यों की शुरूआत होगी।

### 18 दिनों बाद भी 117 केन्द्रों में हुई धान की बोहनी

जगदलपुर (आरएनएस)। समूचे बस्तर में 1 नवंबर से शासकीय स्तर पर धान खरीदी का कार्य शुरू हो चुका है लेकिन खरीदी केंद्रों में अपेक्षा के अनुसार धान लेकर कृषक नहीं आ पा रहे हैं। संभाग के कई जिलों में स्थित धान खरीदी केंद्रों में तो अभी तक बोहनी तक शुरू नहीं हो पाई है।

### देसी शराब से भरी एक मेटाडोर सरकारी निकली

कोरबा 18 नवम्बर (आरएनएस)। कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने दीपका के विजय नगर में देर शाम को 300 पेटी देसी शराब से भरी एक मेटाडोर को संदिग्ध अवस्था में पकड लिया। भाजपा द्वारा मतदाताओं को बांटने शराब मंगाए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत फ्लाइंग स्चाड से की गई। मौके पर पहुंची टीम ने शिकायत के आधार पर शराब से भरी मेटाडोर को दीपका थाना परिसर में खड़ा करा दिया।

# लोगों की तपस्या को छग में विकास करके ब्याज समेत लौटाएंगे-नरेन्द्र मोदी

**कहा-मप्र से अलग हुए बीमारू छग राज्य को रमन सरकार ने विकास करके नई ऊंचाईयों पर लाकर खड़ा किया**



महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य में दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महासमुंद में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यहां हजारों लोग धूप में खड़े होकर मेरा भाषण सुन रहे हैं उन्हें मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि उनकी तपस्या बेकार नहीं जाने देंगे और विकास करके ब्याज समेत उन्हें लौटाएंगे। महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्र सहित आरंग विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा में मोदी ने आज भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि इस सभा में बड़ी संख्या में लोग धूप में भी खड़े होकर मेरा भाषण सुन रहे हैं हमारी पंडाल लगाने की व्यवस्था छोटी हो गई पर यहां की जनता का प्यार ज्यादा उभर कर आया है। इसलिए हमारी व्यवस्था के लिए जो असुविधा आप लोगों को हुई है उसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। मोदी ने कहा कि मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि आपकी तपस्या बेकार जाने नहीं देंगे। विकास करके ब्याज समेत उन्हें लौटाएंगे।

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में छग में हुए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सच्चे अर्थ में 15 साल में से सिर्फ साढ़े चार साल में रमन सिंह को यहां काम करने की सुविधा मिली है क्योंकि इससे पहले दिल्ली में रिमोट कंट्रोल से चलने वाली सरकार बैठी थी जिसका रिमोट ऐसे परिवार के हाथ में था जो कि रमन सरकार की एक बात सुनते नहीं थे।

विकास के लिए रमन सिंह को लड़ाई लड़नी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि पहले के 10 साल में जनता ने हम पर विश्वास किया लेकिन पूरा हमारा समय नकारात्मक शक्तियों के साथ संघर्ष में चला गया। रमन सरकार नक्सलवाद से लड़ाई लड़ने के लिए यूपीए सरकार से मदद मांगती थी, पुलिस बल मांगती थी, आधुनिक शस्त्र मांगती थी लेकिन रिमोट कंट्रोल से चलने वाली सरकार को ऐसा लगता था कि छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दुस्तान में है ही नहीं।

यूपीए सरकार को जिम्मेदारी का अहसास नहीं होता था। ऐसी नकारात्मक परिस्थिति में भी रमन सिंह व उनकी टीम ने छग के नागरिकों के सहयोग से मध्यप्रदेश से अलग हुआ बीमारू राज्य को बाहर निकालकर नई ऊंचाइयों पर लाकर खड़ा कर दिया। मोदी ने कहा कि छग को फलने-फूलने का पहला अवसर दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी तब मिला। अगर ऐसे ही भाजपा को 10-15 साल और मिल जाए तो छग हिन्दुस्तान में पहले तीन राज्यों के नंबर में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में जनता से कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाला प्रधानमंत्री बना है तो यहां विकास कैसे होगा, आप समझ सकते हैं।

**9 विधानसभा से पहुंची जनता**

आज यहां बेमचा भाठा मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री की सभा में महासमुंद से बसना, सरायपाली, खल्लारी, महासमुंद, कुरूद, राजिम, आरंग, बिंद्रानवागढ़ के प्रत्याशी सहित जनता पहुंची थी।

## राज्य में सर्वाधिक गरीब, तो विकास किसका : पीएल पुनिया

**देश के सर्वाधिक पिछड़े जिलों में राजनांदगांव भी शामिल**



रायपुर (आरएनएस)। पिछले 15 सालों में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को हर कसौटी पर प्रगतिशील और विकसित बनाने का दावा किया है, दुर्भाग्य से छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ जनता पिछले 15 सालों से भाजपा के कुशासन, भ्रष्टाचार और अराजकता से ग्रस्त है।

उक्त बातें आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पीएल पुनिया, एआईसीसी के प्रवक्ता जयवीर शेरगिल, प्रभारी चंदन यादव ने कही। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह कुछ दिनों से प्रदेश के लोगों से बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। भाजपा बार-बार यही राग अलाप रही है कि उनके 15 सालों में छत्तीसगढ़ को हर क्षेत्र में विकसित बनाया गया है। जबकि सच्चाई यह है कि पिछले 15 सालों में छत्तीसगढ़ में सिवाय भ्रष्टाचार, घोटाले के ज्यादा कुछ नहीं हुआ है।

## उत्तराखंड के उत्तरकाशी में दर्दनाक बस हादसा, कई लोगों की मौत



उत्तरकाशी। उत्तराखंड के एक दर्दनाक हादसा सामने आया है. यहां एक बस खाई में गिर गई. जिसके कारण एक बड़ा हादसा होने की बात कही जा रही है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में 20 से ज्यादा यात्री सवार थे. 20 से ज्यादा यात्रियों से भरी बस उत्तराखंड के उत्तरकाशी-यमुनोत्री राजमार्ग पर खाई में गिरी. फिलहाल और अपडेट का इंतजार किया जा रहा है.

## चुनाव निपटे, अब नक्सल मामले में नए सिरे से रणनीति बनाएगी पुलिस



जगदलपुर (आरएनएस)। पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण रहा, वोटिंग के तीन महीने पहले से पुलिस ने बस्तर में काम करने की रणनीति पर बदलाव करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव निपटाने की रणनीति पर काम किया था। अब मतदान हो गया है तो एक बार फिर बस्तर में काम करने के लिए पुलिस नई रणनीति बनाने में जुटी हुई है। अफसरों के अनुसार चुनाव होने के बाद नक्सलियों के खिलाफ कैसे और किस स्तर पर काम करना है इस पर प्लानिंग शुरू हो गई है, पुलिस की नई प्लानिंग 20 नवंबर के बाद फील्ड में लागू होगी।

विभाग के एक आला अफसर के अनुसार चुनाव संपन्न करवाने के लिए नक्सलियों के एनकाउंटर वाली रणनीति को कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया था। अब जो नई रणनीति बनने वाली है उसमें एनकाउंटर के साथ निर्माण कार्यों को पूरा करवाने पर जोर होगा।

## मेकाज में नर्स और चतुर्थ वर्ग की भर्तियां हुयी रिरस्त




जगदलपुर (आरएनएस)। डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के नये हॉस्पिटल के लिए स्टाफ नर्स और चतुर्थ वर्ग के पदों के लिए जो भर्ती निकाली गई थी उसे निरस्त कर दिया गया है। रायपुर में स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी बैठक स्वास्थ्य सचिव के नेतृत्व में कुछ दिनों पहले आयोजित की गई थी। इस बैठक में बजट की कमी का हवाला देते हुए इस प्रक्रिया को निरस्त करने का फैसला लिया गया। इसके बाद हास्पिटल अधीक्षक ने इस फैसले के आधार पर भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने की नोटिस जारी कर दी है।

महारानी हॉस्पिटल से मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल को अलग करने के बाद मेकाज के हास्पिटल को डिमरापाल में चलाया जा रहा है।

## एसटीएफ ने किया सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने मुरादाबाद जिले में यूपी टीईटी परीक्षा में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश किया है. एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि बरेली टीम ने 6 साल्वर सचिन, जितेंद्र, विपिन, सौरभ, सिप्पू और मिथिलेश को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे अब पूछताछ चल रही है.

बता दें उत्तर प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में टीचर्स भर्ती के लिए जरूरी टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीईटी की परीक्षा रविवार को इंटेलिजेंस और एसटीएफ की निगरानी में आयोजित की जा रही है. इस बार टीईटी की परीक्षा में करीब 17.83 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं.

परीक्षा यूपी के सभी 75 जिलों में बनाए गए 21 हजार से ज्यादा केंद्रों पर दो पालियों में हो रही है.

## स्वाद से खाइए हरी मटर, क्योंकि इससे मिलेंगे 10 फायदे



ठंड के मौसम में रंगबिरंगी सब्जियों के साथ ही हरी मटर को काफी पसंद किया जाता है।

मटर की मौजूदगी भोजन के प्रति आपकी रुचि के दुगुना जो कर देती है। सब्जी को या पुलाव, पराठे हों या पोहा, ठंड के दिनों में बगैर मटर के सब अधूरा ही होता है।

अब आप मटर को इतना ही पसंद करते हैं, तो चलिए हम आपको इसके फायदे भी बता देते हैं। स्वाद, सेहत और सौंदर्य का अनोखा मिश्रण है हरी मटर। जानिए हरी मटर के यह 10 बेहतरीन फायदे -

* मटर खाने का सबसे बड़ा फायदा है कि यह कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है और आपको मोटापे के साथ-साथ अन्य कई बीमारियों से बचाता है। यह ब्लड कोलेस्ट्रॉल को भी कम करता है।

* चूंकि यह शरीर में और रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है, इसलिए इसके सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा भी कम होता है। प्रतिदिन हरी मटर का सेवन करना आपके दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होता है।

* आकार में भले ही मटर छोटा हो लेकिन यह कैंसर जैसी बीमारियों से भी आपको छुटकारा दिला सकता है। इसे नियमित खाने से कैंसर की बीमारी का खतरा कम होता है। खासतौर से पेट के कैंसर में मटर बहुत लाभकारी है।

*मटर के दाने फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपको उर्जावान बनाए रखते हैं। हरी मटर को नियमित खाने से आप लंबे समय तक जवां नजर आते हैं और बढ़ती उम्र का असर जल्दी दिखाई नहीं देता।

## सोनम कपूर ननद तो अर्जुन कपूर होंगे दीपिका के देवर!


बॉलिवुड में दीपिका पादुकोण और सोनम कपूर दोनों स्टाइल आइकन मानी जाती हैं। इन दोनों के बीच कई समानताएं भी हैं और अब तो इनकी रिश्तेदारी भी हो गई है। आपको बता दें कि रणवीर सिंह से शादी के बाद दीपिका और सोनम के बीच ननद भाभी का रिश्ता बन गया है।



सिंधी परिवार से संबंध रखने वाले रणवीर के पिता जगजीत भवनानी और मां अंजू भवनानी की एक बेटी भी है रितिका भवनानी शादीशुदा हैं। रितिका दीपिका की सगी ननद हैं तो सोनम दूर के रिश्ते की। दरअसल रणवीर सिंह का अनिल कपूर के परिवार से रिश्ता है।

अनिल कपूर की पत्नी यानी सोनम की मम्मी के भतीजे हैं रणवीर सिंह। इस तरह सोनम कपूर और रिया कपूर रणवीर की कजिन बहनें हैं। अनिल कपूर के बड़े भाई बोनी कपूर के बेटे अर्जुन कपूर सोनम के भाई लगते हैं। इस तरह वह रणवीर के भी भाई ही लगते हैं। आपको मालूम ही होगा कि हाल ही में बॉलिवुड का यह रोमांटिक कपल शादी के बंधन में बंध गया। दोनों ने 14 नवंबर को कोंकणी रीति-रिवाजों के साथ शादी रचाई और उसके बाद 15 नवंबर को सिंधी रिवाज के साथ शादी की।

## कृत्रिम सूरज बना रहा है चीन, असली सूर्य से 6 गुना ज्यादा गर्म होगा



चीन के वैज्ञानिक स्वच्छ ऊर्जा पैदा करने के मकसद से एक कृत्रिम सूरज बनाने की तैयारी में हैं। यह असली सूरज के मुकाबले 6 गुना ज्यादा गरम होगा। जहां असली सूरज का कोर करीब 1.50 करोड़ डिग्री सेल्सियस तक गरम होता है, वहीं चीन का यह नया सूरज 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस तक की गरमी पैदा कर सकेगा। चीन की एकेडमी ऑफ साइंस से जुड़े इंस्टीट्यूट ऑफ प्लाजमा फिजिक्स के मुताबिक, कृत्रिम सूरज की टेस्टिंग जारी है। इसे एक्सपेरिमेंटल एडवांस्ड सुपरकंडक्टिंग टोकामक (ईस्ट) नाम दिया गया है। इसे बिल्कुल असली सूरज की तरह डिजाइन किया गया है। यह सौर मंडल के मध्य में स्थित किसी तारे की तरह ही ऊर्जा का भंडार उपलब्ध कराएगा।

**मशीन को चालू करने का खर्च 11 लाख रुपए**

दरअसल, ईस्ट को एक मशीन के जरिए पैदा किया जाता है। इस मशीन का साइज बीच में खोखले गोल बॉक्स (डोनट) की तरह है। इसमें न्यूक्लियर फ्यूजन (परमाणु के विखंडन) के जरिए गरमी पैदा की जा सकती है। हालांकि, इसे एक दिन के लिए चालू करने का खर्च 15 हजार डॉलर (करीब 11 लाख रुपए) है। फिलहाल इस मशीन को चीन के अन्हुई प्रांत स्थित साइंस द्वीप में रखा गया है।

पृथ्वी के लिए ऊर्जा स्त्रोत के विकल्प के तौर पर तैयार किया जा रहा

ईस्ट को मुख्य तौर पर न्यूक्लियर फ्यूजन के पीछे का विज्ञान समझने और उसे पृथ्वी पर ऊर्जा के नए विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए बनाया गया है। आने वाले समय में यह तकनीक स्वच्छ ऊर्जा पैदा करने का अहम स्त्रोत साबित हो सकती है। दरअसल, दुनिया में इस वक्त न्यूक्लियर फिजन (परमाणु संलयन) के जरिए ऊर्जा पैदा की जा रही है। हालांकि, इसकी वजह से पैदा होने वाला जहरीला न्यूक्लियर कचरा इंसानों के लिए काफी खतरनाक है।

**आसमान पर कृत्रिम चांद लगाने की योजना बना चुका चीन**

चीन पहले ही रोशनी के नए स्त्रोत के तौर पर आसमान पर कृत्रिम चांद लगाने की बात कह चुका है। इसके जरिए वैज्ञानिक रात को देश की सड़कों को रोशन करना चाहते हैं। इसके लिए कुछ बड़े सैटेलाइटों का इस्तेमाल किया जाएगा जो ऊर्जा भी बचाने का काम करेगा। यह 2022 तक लॉन्च किया जा सकता है।

## सिनेमा में महिलाओं की नई छवि गढ़ी जा रही : रसिका

अभिनेत्री रसिका दुग्गल का कहना है कि पर्दे पर जिस तरह भारतीय महिलाओं की छवि बदल रही है, यह अच्छा संकेत है, लेकिन उनका मानना है कि यहां महिलाओं की पुरानी छवि तोड़ने के लिए नई छवि गढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। अमेजॉन प्राइम वीडियो शो मिर्जापुर में रसिका एक गृहणी की भूमिका में हैं, जो एक जटिल और नकारात्मक किरदार है।



सिनेमा में भारतीय महिलाओं की बदलती छवि पर अपने विचार साझा करते हुए, रसिका ने बताया, मुझे लगता है कि हम सिनेमा में महिलाओं की रूढ़िवादी छवि को तोड़ने के लिए एक नई छवि गढ़ रहे हैं। यह इस हद तक हो रहा है कि महिलाएं, पुरुषों जैसी दिखने लगी हैं। मेरा मतलब है कि निश्चित रूप से यह महिलाओं की सही तस्वीर नहीं है।

एक्सेल मीडिया और एंटरटेमेंट द्वारा निर्मित मिर्जापुर में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, विक्रांत मेस्से, श्वेता त्रिपाठी और दिव्येन्दु शर्मा जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं।